दिनांक : 30.05.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार -

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में होंगे शामिल, कई विकास कार्यों का करेंगे शुभारम्भ ।
- प्रदेश में अब दस जून तक किए जा सकेंगे तबादले ।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत देश और प्रदेश में हो रहे हैं विभिन्न आयोजन
- एम्स भोपाल नेजीवन रक्षक मोबाइल एप 'कोड इमरजेंसी' किया लॉन्च।

समाचार विस्तार से–

**प्रधानमंत्री भोपाल यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महा सम्मेलन में प्रधानमंत्री भोपाल से कई विकास कार्यों का शुभारम्भ करेंगे.

श्री मोदी 1 हजार 271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण के लिए पहली किश्त भी जारी करेंगे। अटल ग्राम सुशासन भवनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थाई भवन की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित डाक टिकट और 35 ग्राम वजनी चांदी का 300 रुपए का स्मारक सिक्का भी जारी करेंगे। श्री मोदी आदिवासी, लोक और पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में एक महिला कलाकार को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। प्रधानमंत्री संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तिकरण और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

**मुख्यमंत्री सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वास्तविक तथ्यों को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस दृष्टि से सोशल मीडिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री आज जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए आयोजित डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे । कार्यक्रम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 276 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया है ।

**तबादला सीमा बढ़ी**

प्रदेश में अब दस जून तक तबादले किए जा सकेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने आज तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा में परिवर्तन से संबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक तबादला करने की समय सीमा 30 मई से बढ़ाकर 10 जून कर दी गयी है। गौरतलब है कि आज तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा खत्म हो रही थी। नए आदेश के बाद अब 11 दिन तक ई-आफिस के जरिए आदेश जारी किए जा सकेंगे।

नीट परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- नीट-पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान'**

पंद्रह दिन चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज जम्मू पहुंचे, जहां वे आरएस पुरा सेक्टर में पदयात्रा में शामिल हुए, वहीं तिरंगा यात्रा के साथ किसानों

व वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही, उन्होंने महिला किसानों और महिला उद्यमियों से संवाद किया और ड्रोन कर्मियों से भी सीधी चर्चा की।
श्री शिवराज सिंह ने जम्मू में बॉर्डर से सटे- एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव चक्रोही में भी किसानों से संवाद किया । चौहान कल हरियाणा के पानीपत में किसानों से बातचीत करेंगे।

**प्रदेश-विकसित कृषि संकल्प अभियान**

प्रदेश में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान जोर शोर से चल रहा है. इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. भिंड जिले मे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट परिसर से कृषि दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रायसेन जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन वैज्ञानिकों का भ्रमण दल विकासखंड सांची के ग्राम पंचायत बनखेड़ी में पहुंचा । यहाँ 85 कृषकों ने दल से संवाद में भाग लिया। ग्वालियर में अभियान के दौरान कृषि – ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, धान की सीधी बुवाई पद्धति व सोयाबीन फसल में मशीनीकरण इत्यादि के बारे में जानकारी दी जायेगी।

**जीवन रक्षक मोबाइल एप्लीकेशन**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स भोपाल द्वारा जीवन रक्षक मोबाइल एप्लीकेशन 'कोड इमरजेंसी' लॉन्च किया है। इस संबंध में एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि यह ऐप आम जनता और चिकित्सा पेशेवरों दोनों के लिए क्रांतिकारी साबित हो सकता है। इसकी मदद से आम व्यक्ति भी मेडिकल इमरजेंसी में पीड़ित की जान बचाने में सक्षम बन सकता है।

**भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान**

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान-आई आई सी टी अगले महीने मुंबई में खुल जाएगा और कुछ वर्षों में यह संस्थान पूरी तरह स्थापित हो जाएगा। आज नई दिल्ली में श्री जाजू ने कहा कि संस्थान युवा रचनाकारों को प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करेगा।

**इंदौर, जल गंगा संवर्धन अभियान**

इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में इस आयोजन में रणजीत हनुमान मंदिर से लेकर महाराणा प्रताप प्रतिमा तक हजारों नागरिकों ने हाथ से हाथ मिलाकर जल संरक्षण और जल संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर जल गंगा रथ को भी रवाना किया गया, जो घर-घर जाकर जल संरक्षण का संदेश पहूंचाएगा। इंदौर में सवा लाख से अधिक रेन वॉटर हार्वेस्टर लगाए गए हैं, 156 कुएं, 28 बावड़ियां और 16 तालाबों का गहरीकरण किया गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- श्योपुर में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम मेले का आयोजन किया गया. इसमें विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में हितग्राहियों को 37 लाख से अधिक की ऋण राशि का वितरण किया गया। इसी प्रकार 163 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।
- सरकार ने दमोह-छतरपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम मारासुखी तिराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।
- छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत खैरवानी में आज ग्राम सभा में पेसा नियम और पेसा समिति पर विस्तार से चर्चा की गई।
- सीहोर जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत जून, जुलाई एवं अगस्त माह के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्रदाय किया गया है।
- पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर 22 मई से 5 जून तक विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- देवास में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन को सिरसोदा में किया गया। शिविर में 145 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

- खंडवा में 4 जून से 27 जून तक मोतियाबिंद जांच शिविर तथा चयनित मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन के लिए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

.....................